सूखाग्रस्त मेडागास्कर को मानवीय सहायता

चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत ने मेडागास्कर को 1,000 मीट्रिक टन चावल और 1,00,000 हाइड्रोक्सीक्लोरोक्विन (Hydroxychloroquine- HCQ) की गोलियों की खेप भेजी है, ताकि गंभीर सूखे से उत्पन्न मानवीय संकट से निपटने में उसकी सहायता की जा सके।

प्रमुख बिंदु

हाल में की गई सहायता:

- यह मानवीय सहायता भारतीय नौसेना के जहाज़ जलश्वा (Jalashwa) के माध्यम से भेजी गई है।
- आईएनएस जलश्वा से भारतीय नौसेना की एक प्रशिक्षण टीम भी भेजी जाएगी, जिसे मालागासी स्पेशल फोर्स के निर्माण और प्रशिक्षण के लिये मेडागास्कर में तैनात किया जाएगा।
- आईएनएस जलश्वा कोमोरोस गणराज्य के पोर्ट अंजौन पर जाएगा जहाँ 1,000 मीट्रिक टन भारतीय चावल की खेप उतारी जाएगी।

मेडागास्कर की पूर्व में सहायता:

- कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय नौसेना के जहाज़ आईएनएस केसरी द्वारा **"मिशन सागर"** (Mission Sagar) पहल के अंतर्गत मेडागास्कर सहित अन्य देशों को खाद्य पदार्थों और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई थी।
- आईएनएस शार्दूल ने मार्च 2020 में अंटसिरानाना (Antsiranana) बंदरगाह का दौरा किया और मेडागास्कर के उत्तरी क्षेत्र में भारी बाढ़ से निपटने के लिये उसे **मानवीय सहायता तथा आपदा राहत** (Humanitarian Assistance and Disaster Relief) सहायता के रूप में 600 टन चावल उपलब्ध कराया गया।
- भारत पहला देश था जिसने **डायने चक्रवात** (Cyclone Diane) के समय आईएनएस ऐरावत द्वारा **ऑपरेशन वेनिला** (Operation Vanilla) के तहत मेडागास्कर की त्वरित सहायता की।
- भारत सक्रिय रूप से मालागासी के लोगों के क्षमता निर्माण के साथ-साथ अन्य उच्च कुशल/तकनीकी क्षेत्रों में उन्हें प्रशिक्षित करने में लगा हुआ है, जिसके लिये **भारतीय तकनीकी तथा आर्थिक सहयोग** (Indian Technical and Economic Cooperation) एवं **भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन** (India Africa Forum Summit) के माध्यम से पाठ्यक्रम प्रस्तुत किये जाते हैं।

महत्त्व:

- मेडागास्कर और कोमोरोस जैसे मैत्रीपूर्ण देशों में क्षमता निर्माण के लिये खाद्य सहायता तथा क्षमता निर्माण जैसी पहल मिशन सागर के अनुरूप है।
- यह भारत की भूमिका को हिंद महासागर क्षेत्र में एक सुरक्षा प्रदाता के रूप में दर्शाता है।

हाल के विकास:

- भारत को हिंद महासागर आयोग (Indian Ocean Commission) में पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त है।
  - इस दर्जे का सामरिक महत्त्व है क्योंकि यह आयोग पश्चिमी/अफ्रीकी हिंद महासागर का एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्रीय संस्थान है।
  - हिंद महासागर आयोग में कोमोरोस, मेडागास्कर, मॉरीशस, रियूनियन (फ्राँस के नियंत्रण में) और सेशल्स शामिल हैं।
- भारत ने संस्थागत, आर्थिक और सहकारी वातावरण में बातचीत को बढ़ावा देने के लिये **हिंद महासागर क्षेत्र** (Indian Ocean Region) संगोष्ठी की मेज़बानी की, इससे हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, स्थिरता तथा समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।
  - मेडागास्कर के रक्षा मंत्री ने भी इस संगोष्ठी में भाग लिया था।

[//](https://www.drishtiias.com/hindi/images/uploads/) 

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/humanitarian-assistance-to-drought-hit-madagascar